# राज्यपाल सचिवालय,
# राजभवन, जयपुर

क्रमांक : एफ.1(A)(2)आर.बी./2023/2748 दिनांक : 19 मई, 2023

**—: कार्यवाही विवरण :—**

राज्य के वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण की समन्वय समिति की बैठक माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 08.05.2023 को प्रातः 11:00 बजे राजभवन, जयपुर में आयोजित हुई, जिसमें माननीय संस्कृत शिक्षा मंत्री, श्री बी. डी. कल्ला, कौशल, खेल एवं युवा मामलात राज्य मंत्री, श्री अशोक चांदना एवं उच्च शिक्षा राज्य मंत्री, श्री राजेन्द्र सिंह यादव, मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार एवं विश्वविद्यालयों से संबंधित प्रशासनिक विभागों के अधिकारीगण तथा समस्त कुलपतिगण उक्त बैठक में उपस्थित रहे।

1. बैठक में उपस्थित प्रतिभागियों की सूची **संलग्नक—1** पर संलग्न है।

2. सर्वप्रथम प्रमुख सचिव, राज्यपाल ने बैठक में सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया एवं माननीय राज्यपाल महोदय की अनुमति उपरान्त बैठक की रूपरेखा से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराते हुए माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय को प्रारम्भिक उद्बोधन हेतु निवेदन किया।

3. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज की इस बैठक को बुलाने का उद्देश्य यही है कि राज्य के समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, उन्नयन और परस्पर समान नीतियों को लागू करने पर विषद् रूप में एक साथ मिल—बैठकर चर्चा की जा सके। पिछले कुछ समय के दौरान कोविड की रही चुनौतियों के बावजूद प्रदेश के विश्वविद्यालयों में शिक्षण, शोध एवं प्रसार के क्षेत्र में महती कार्य हुए हैं। किसी भी राज्य की उन्नति का आधार वहां प्रदान की जाने वाली उच्च शिक्षा का स्तर ही होता है। उच्च शिक्षा में जितनी अधिक गुणवत्ता होगी, मानव संसाधन भी उतने ही बेहतर रूप में उपलब्ध हो सकता हैं। विगत वर्षों में जिस गति से देश में नवीन उच्च शिक्षण संस्थानों की स्थापना हुई है, उससे उच्च शिक्षा प्राप्ति का अनुपात भी देश में तेजी से बढ़ा है। राजस्थान में भी उच्च शिक्षा का प्रसार तेजी से हुआ है। प्रदेश में नवीन विश्वविद्यालयों की स्थापना इस उद्देश्य से ही निरंतर की गई है कि विषय विशेषज्ञता में और सभी क्षेत्रों में समान रूप से यहां के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा का लाभ मिले। हमारे विश्वविद्यालयों में प्रदान की जाने वाली शिक्षा मानवीय मूल्यों से ओतप्रोत हो। वहां विद्यार्थी को ऐसा वातावरण मिले कि वह अपनी रूचि के अनुसार विषय विशेष का पाठ्यक्रम के जरिए ही अध्ययन नहीं करें बल्कि शिक्षकों के अनुभवों

से भी व्यावहारिक शिक्षा प्राप्त करे। विश्वविद्यालय ऐसे नवीन पाठ्यक्रम अपने यहां प्रारम्भ करें, जिससे रोजगारोन्मुखी शिक्षा का अधिकाधिक प्रसार हो। व्यावसायिक शिक्षा के जरिए विश्वविद्यालयों में कैसे 'आत्मनिर्भर भारत' की सोच को सही मायने में साकार किया जा सके, इस पर सभी को मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने यहां शोध से जुड़े कार्यों और नवाचारों से जुड़ा केन्द्र स्थापित करें। इस संबंध में सभी विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करें कि शोध की ऐसी मौलिक संस्कृति हमारे यहां विकसित हो, जिससे अनुभव, अध्ययन से मौलिक स्थापनाओं की ओर विद्यार्थी प्रवृत्त हो। विश्वविद्यालयों में अण्डरग्रेजूएट प्रोग्राम के अंतर्गत 'करिकुलम एण्ड क्रेडिट फ्रेमवर्क' पर भी कार्य किया जाए।

4. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के उद्बोधन पश्चात् उनकी अनुमति से प्रमुख सचिव, राज्यपाल द्वारा बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई एवं एजेण्डा बिन्दुओं पर चर्चा प्रारम्भ की गई।

5. प्रो. ए.के. गहलोत द्वारा विश्वविद्यालयों में Issues with HEIs vis-à-vis NEP 2020 महत्वपूर्ण यूजीसी नियम, दिशानिर्देश, सलाह आदि, AIU - उच्च शिक्षा संस्थानों के माध्यम से एस–डी–जी को साकार करना, SUMS, IT infrastructure, applications and Website Security Audit किस प्रकार से किया जाए, के संबंध में PPT का प्रस्तुतिकरण किया गया **(संलग्नक–2)**।

6. बैठक में समस्त 23 एजेण्डा बिन्दुओं पर विचार–विमर्श एवं तद्नुसार लिये गये निर्णय की सूची **संलग्नक–3** पर संलग्न है।

7. बैठक में समस्त 23 एजेण्डा बिन्दुओं पर विचार–विमर्श के उपरान्त माननीय मंत्रीगण एवं प्रशासनिक विभागों के अधिकारीगण द्वारा निम्नानुसार अवगत कराया गया है :–

   - **माननीय संस्कृत शिक्षा मंत्री** – राजकीय महाविद्यालयों को विकल्प के आधार पर नवीन विश्वविद्यालयों का संघटक कॉलेज बनाए जाने में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों दोनों का ही हित निहित है। इससे विश्वविद्यालय आर्थिक रूप से आत्म निर्भर बनेंगे और विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय वाणिज्यिक एवं नवाचार आधारित कृषि को बढ़ावा देकर अपनी आय बढ़ा सकते हैं। पाठयक्रम अद्यतन करने के लिए सभी विश्वविद्यालयों में Academic Council है। पाठयक्रम अद्यतन में UPSC के कोर्स भी सम्मिलित किये जाने चाहिए। जिससे All India Competition में राजस्थान के विद्यार्थी Compete कर सके। विश्वविद्यालयों द्वारा ऐसे विषय चुने जाने चाहिए जो राजस्थान से बाहर एवं विदेशों में पढाये जाते हैं। विश्वविद्यालयों द्वारा E-Library System के तहत ऐसा ऐप बनाया जाना चाहिए जिसमें हर विषय का Lecture record करके रखा जा सके। राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों को Self Finance Scheme जिस पर जिस विश्वविद्यालय को कोई आर्थिक सहायता अथवा

पद राज्य सरकार से नहीं चाहिए, तो वह गतिविधि/कार्य शुरू करने की उस विश्वविद्यालय को छूट दी जानी चाहिए। Academic Calender में Sports Tournament का भी समावेश किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा Youth & Cultural Festival का आयोजन किया जाए। साथ ही NCC, NSS, Scout and Guide को भी प्रोत्साहित करें। विश्वविद्यालय द्वारा प्रत्येक शनिवार को Extra Curricular Activity Day के रूप में नियत कर सकते है। जो विश्वविद्यालय अपने संसाधनों से रिक्त पदों को भर सकते है। राज्य सरकार द्वारा उन्हें रिक्त पद भरने की स्वीकृति दी जाए।

- **माननीय कौशल, खेल एवं युवा मामलात राज्य मंत्री** – खेलों को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। खेलों के माध्यम से युवा सजग एवं जिम्मेदार नागरिक के रूप में उभरते हैं । उन्होंने कहा कि कौशल विभाग के अंतर्गत विशेष पहल करते हुए 50 प्रतिशत औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सौर ऊर्जा प्रणाली लगाई गई हैं, जिससे इनमें बिजली खर्च घटकर एक तिहाई रह गया है। निजी विश्वविद्यालयों में लाखों की फीस है जो गांव के पिछडे वर्ग को देखते हुए सरकारी विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में लागू नहीं की जा सकती। वर्तमान परिप्रेक्ष्य के अनुसार राजकीय विश्वविद्यालय भौगोलिक क्षेत्र के अनुसार अपने कोर्स तैयार करें।

- **माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री** – विश्वविद्यालयों के लिए समान अम्ब्रेला एक्ट का ड्राफ्ट विधि विभाग को भिजवाया गया है, जिसमें कुलसचिव, वित्त नियंत्रक के पदों को केन्द्रीय विश्वविद्यालयों की तर्ज पर भरने एवं विश्वविद्यालयों में भर्तियों के लिए अलग आयोग बनाने का प्रस्ताव है। उन्होंने विश्वविद्यालयों में खेलों के प्रशिक्षण और विकास के लिए निजी जन सहभागिता से कार्य किए जाने का सुझाव भी दिया। राज्य सरकार NEP-2020 लागू करने के लिए कटिबद्ध है। राजकीय विश्वविद्यालयों द्वारा अलग–अलग अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के खेल प्रशिक्षकों (कोच) को बुलाया जाकर विद्यार्थियों को ट्रेनिंग कराई जाये। राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय उनके Fixed Deposit पर प्राप्त ब्याज पर लगने वाले आयकर के संबंध में CA से मिलकर योजना बनाये। साथ ही Income Tax Department से जो नोटिस प्राप्त हो रहे है। उसके संबंध में एक आयकर सलाहकार को बुलाकर परामर्श ले। राजस्थान राज्य विश्वविद्यालयों में नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और ई–गवर्नेंस के साथ बेहतर डाटा प्रबन्धन के लिए सभी कुलपतियों को राजभवन द्वारा उनके साथ साझा किये गये दर अनुबंध के अनुसार SUMS को तुरंत लागू करने हेतु निर्देशित किया गया ताकि नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और ई–गवर्नेंस के साथ बेहतर डाटा प्रबंधन को राजस्थान के सभी विश्वविद्यालयों द्वारा अपनाया जा सके।

- **मुख्य सचिव महोदया** – उच्च शिक्षा में क्रेडिट सिस्टम एवं स्नातक पाठ्यक्रमों में सेमेस्टर प्रणाली इसी वर्ष से लागू किये जाने के लिए समन्वित ढंग से त्वरित प्रयास किए जाने की आवश्यकता है।

- **प्रमुख सचिव, माननीय राज्यपाल** – राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में कुलसचिव की नियुक्ति के संबंध में RPSC द्वारा आयोजित की जाने वाली राजस्थान प्रशासनिक सेवा की भर्ती प्रक्रिया में विश्वविद्यालय सेवा के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कुलसचिव का संवर्ग सृजन कर सम्मिलित किया जाये। राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक व अशैक्षणिक पदों की भर्ती हेतु एक आयोग बनाया जाए।

- **प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल** – राज्य सरकार द्वारा राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में जो कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक लगाये जाते हैं। वे विश्वविद्यालयों के अधिनियम में उल्लेखित प्राविधानों के अनुसार प्रतिनियुक्ति पर एक निश्चित कालावधि के लिए लगाये जाये जिससे कि वे पूरे मनोयोग से कार्यो का संपादन कर सके। अतः राज्य सरकार द्वारा एक प्रावधान किया जाए कि जो कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक विश्वविद्यालयों में जाने के इच्छुक हो उन्ही का स्थानान्तरण एवं पदस्थापन विश्वविद्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर किया जाये।

- **प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग** – राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय एल्यूमिनाई हेतु राजस्थान फाउण्डेशन से सहायता ले सकते है। साथ ही 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम की तर्ज पर उच्च शिक्षा का भी राज्य स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जायें, जिसमें भामाशाहों को आमंत्रित कर उच्च शिक्षा के लिए अधिक से अधिक आर्थिक सहयोग प्राप्त किया जा सके। समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में विभिन्न अवकाश प्रकरण के संबंध में एकरूपता लाई जाये। कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक के चयन के संबंध में राज्य सरकार द्वारा Umbrella Act में प्रावधान किया हुआ है। जो वर्तमान में विधि विभाग में प्रक्रियाधीन है। सरदार पटेल पुलिस, सुरक्षा एवं दाण्डिक न्याय विश्वविद्यालय, जोधपुर के भवन संबंधी प्रकरण में मुख्य सचिव महोदया की अध्यक्षता में एक बैठक की जानी चाहिए।

8. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय द्वारा समापन संबोधन में निम्न निर्देश/घोषणा की गई :–

- नई शिक्षा नीति के अंतर्गत पूरे प्रदेश में उच्च शिक्षा के विभिन्न विषयों में पाठ्यक्रमों की एकरूपता एवं स्नातक स्तर पर सेमेस्टर प्रणाली विश्वविद्यालयों द्वारा लागू की जाए।

- समस्त, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय वेबसाईट पर विद्यार्थियों के डाटा एवं अन्य जानकारी लीक होने के खतरे को देखते हुए भारत सरकार के परिपत्र संख्या AA-14/28/2021-CSD दिनांक 05.01.2022 में उल्लेखित प्राविधानों के अनुरूप विश्वविद्यालय वेबसाईट की सिक्योरिटी ऑडिट आवश्यक रूप से करवाये।
- विश्वविद्यालयों में कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक के रिक्त पदों पर राज्य सरकार के स्तर पर नीति निर्धारित कर समय सीमा निश्चित करते हुए शीघ्र पदस्थापन किये जाये।
- राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक पदों पर रिक्तियों को भरे जाने की कार्यवाही त्वरित की जाये।
- राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण की परिलब्धियों, सेवा एवं अवकाश संबंधी शर्तों के बारे में स्पष्टता लाने के लिए राज्य सरकार द्वारा परिपत्र जारी किया जाये।
- समस्त, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय के कुलपतियों द्वारा पाठयक्रम शीघ्र पूर्ण करते हुए परीक्षाएं अविलम्ब कराई जाये।
- समस्त, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, रोजगारोन्मुखी कौशल विकास से जुडे नवीन पाठयक्रमों के प्रारम्भ करने, शिक्षा में नवाचार अपनाते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने एवं शिक्षकों के प्रशिक्षण के लिए निरन्तर कार्यक्रम आयोजित करें।
- जिन राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में निर्माण एजेन्सी RSRDC के द्वारा संविधान पार्क के कार्य पूर्ण होने में विलम्ब हो रहा है उसके लिए RSRDC से बात कर गतिरोध दूर करें, जिससे निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो सके।
- सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, सौर ऊर्जा प्रणाली को अपनाकर विद्युत खर्च कम करने की दिशा में कार्य करे एवं विश्वविद्यालय में जल संरक्षण RWHS & Dual Piping System विकसित करे।
- महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा गोद लिये मदार गांव में किये गये कार्य/नवाचारों की तरह अन्य विश्वविद्यालयों द्वारा भी अपने गोद लिये गांवों में कार्य किये जावें।

9. बैठक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ समाप्त हुई।

**(सुबीर कुमार)**
प्रमुख सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान

क्रमांक : एफ.1(A)(2)आर.बी./2023/2749 दिनांक : 19 मई, 2023

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :-

1. मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार, जयपुर।
3. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, कृषि एवं पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. विशिष्ट सहायक, माननीय मंत्री, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
6. निजी सचिव, माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), कौशल एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
7. विशिष्ट सहायक, माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), तकनीकी शिक्षा एवं आयुर्वेद विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
8. विशिष्ट सहायक, माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
9. प्रो. ए. के. गहलोत, सदस्य, राज्यपाल सलाहकार बोर्ड, राजभवन, जयपुर।

प्रमुख सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान

क्रमांक : एफ.1(A)(2)आर.बी./2023/2750 दिनांक : 19 मई, 2023

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं कार्यवाही विवरण का पालना प्रतिवेदन आवश्यक रूप से भिजवाये जाने हेतु प्रेषित है :-

1. अतिरिक्त मुख्य सचिव, वित्त विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
2. प्रमुख शासन सचिव, गृह विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर
3. प्रमुख शासन सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
4. प्रमुख शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
5. शासन सचिव, कृषि विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
6. शासन सचिव, पशुपालन विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
7. शासन सचिव, आयुर्वेद विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
8. शासन सचिव, कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
9. शासन सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
10. शासन सचिव, युवा मामलात एवं खेल विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
11. आयुक्त, सूचना, प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर।
12. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
13. कुलपतिगण, समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान।

प्रमुख सचिव
राज्यपाल, राजस्थान

क्रमांक : एफ.1(A)(2)आर.बी./2023/2751 दिनांक : 19 मई, 2023

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. प्रमुख विशेषाधिकारी, माननीय राज्यपाल राजस्थान, राजभवन, जयपुर।
2. निदेशक (जनजाति कल्याण) एवं संयुक्त सचिव, राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
3. वित्तीय सलाहकार, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
4. विशेषाधिकारी (उच्च शिक्षा), राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
5. विशेषाधिकारी (एन.डी.), उच्च शिक्षा, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर।
6. प्रभारी अधिकारी, (IT), राजभवन जयपुर को राजभवन की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
7. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, राज्यपाल, राजभवन, जयपुर।
8. रक्षित पत्रावली।

प्रमुख सचिव
राज्यपाल, राजस्थान

**संलग्नक–3**

| एजेण्डा बिन्दु | एजेण्डा विषय | चर्चा के बिन्दु | निर्णय | विभाग/विश्वविद्यालय जिससे क्रियान्विति अपेक्षित है। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | गत कुलपति समन्वय समिति की बैठक दिनांक 27.12.2021 के कार्यवाही विवरण की पालना | • प्रमुख सचिव, राज्यपाल द्वारा अवगत कराया गया कि कुलपति समन्वय समिति की गत बैठक दिनांक 27.12.2021 को आयोजित की गई थी, जिसका कार्यवाही विवरण दिनांक 04.01.2022 को जारी किया गया। चूंकि कार्यवाही विवरण के संबंध में कोई आपत्ति किसी प्रतिभागी से प्राप्त नहीं हुई। अतः कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्ताव पर सभी सदस्यों द्वारा सहमति जताई गई है। | प्रमुख सचिव, राज्यपाल द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव स्वीकार कर तद्नुसार दिनांक 04.01.2022 को जारी कार्यवाही विवरण का अनुमोदन किया गया। साथ ही जिन विश्वविद्यालयों/विभाग द्वारा पालना नहीं की गई है, उनके द्वारा पालना सुनिश्चित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। | – |
| 2. | प्रदेश के राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण को उत्तर प्रदेश में प्रदत्त किये जा रहे अवकाशों व अवकाशों के पुनर्भरण नियमों को लागू किया जाना। | • प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा अवगत करवाया गया कि वर्तमान में राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण को देय अवकाश के संबंध में कोई कॉमन सर्कुलर नहीं है, जिस कारण कुलपतिगण के अवकाश जारी करने में काफी परेशानी आती है।<br>• कुलपति, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा कुलपतिगण | उत्तर प्रदेश सरकार की तर्ज पर उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार एवं अन्य प्रशासनिक विभाग द्वारा इस संबंध में कुलपतिगण की परिलब्धियों, सेवा एवं अवकाश संबंधी शर्तों के बारे में स्पष्टता लाने के लिए यथाशीघ्र निर्णय कर सर्कुलर जारी करें। | उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | को दिये जाने वाले अवकाश में एकेडमिक लीव का प्रावधान रखने हेतु अनुरोध किया गया।<br>● प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा अवगत करवाया गया कि राजस्थान विश्वविद्यालय में इस संबंध में प्रावधान है। अन्य विश्वविद्यालयों में इस संबंध में वित्त विभाग से अनुमोदन करवाकर सर्कुलर जारी करवायेंगे। | | |
| 3. | विश्वविद्यालय परिसर में संविधान पार्क के निर्माण के संबंध में प्रगति की अद्यतन स्थिति | ● कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय जोधपुर द्वारा अवगत करवाया गया कि संविधान पार्क के निर्माण हेतु आर.एस.आर.डी.सी. को विश्वविद्यालय द्वारा नियत समयावधि में संविधान पार्क तैयार किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये जाये।<br>● प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा सुझाव दिया गया कि आर.एस.आर.डी.सी. द्वारा किया जा रहा कार्य जिन राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में अधूरा है, के संबंध में एक बैठक आयोजित कर उन्हे समयबद्ध काम पूर्ण करने हेतु आर.एस.आर.डी.सी. को निर्देश दिया जाये। | 1. जिन राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में आर.एस.आर.डी.सी. द्वारा संविधान पार्क निर्माण का कार्य सम्पादित किया जा रहा है, के संबंध में समयबद्ध कार्य पूर्ण करने हेतु आर.एस.आर.डी.सी. के साथ संबंधित कुलपतिगण की बैठक आयोजित की जाये।<br>2. शेष राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा संविधान पार्क का निर्माण अतिशीघ्र किया जाये। | 1. राजभवन, जयपुर<br>2. समस्त, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4. | राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों का अकादमिक एवं अवकाश कैलेण्डर जिस सत्र के लिए जारी किया जाना है उससे एक माह पूर्व ही जारी किया जाना | • कुलपति, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर द्वारा अवगत करवाया गया कि विश्वविद्यालयों का एकेडमिक/अवकाश कलैण्डर 15 जून तक जारी कर दिये जावें।<br>• प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों के प्रशासनिक विभागों द्वारा एकेडमिक/अवकाश कलैण्डर विलम्ब से वर्ष के अंत तक जारी किये जाते है, जिससे पूरा सेशन बिना कलैण्डर के निकल जाता है तथा अवकाश के संबंध में कुछ स्पष्ट नहीं होता है। अतः प्रशासनिक विभागों द्वारा एकेडमिक/अवकाश कलैण्डर प्रतिवर्ष 15 जून तक जारी कर दिये जाये। साथ ही एकेडमिक कलैण्डर सेमेस्टर सिस्टम के आधार पर जारी करने बाबत भी कहा गया।<br>• माननीय संस्कृत शिक्षा मंत्री द्वारा Academic Calendar में Sports Tournament का भी प्रावधान/उल्लेख किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | 1. राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में एकेडमिक एवं अवकाश कलैण्डर सेमेस्टर सिस्टम के आधार पर एवं Sports Tournament आयोजित करने की तिथि के साथ प्रतिवर्ष 15 जून तक जारी कर दिये जायें।<br>2. राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को इस वर्ष Inter University Sports Tournament आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। | समस्त प्रशासनिक विभाग एवं राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5. | NEP 2020 को लागू करने के संबंध में कार्यवाहियां :–<br>i. विश्वविद्यालयों द्वारा नए चालू किए गए रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम<br>ii. विश्वविद्यालयों द्वारा नवाचारों की जानकारी<br>iii. विश्वविद्यालयों द्वारा विद्यार्थी हित में किये गये कार्यों की जानकारी<br>iv. यूनिफॉर्म कॉमन सिलेबस लागू करने की दिशा में प्रगति<br>v. सेमेस्टर सिस्टम को लागू करने की स्थिति<br>vi. शोध कार्यों में नवाचार एवं गुणवत्ता लागू करने की स्थिति<br>vii. लाइब्रेरी में E-resources की स्थिति | • कुलपति, हरिदेव जोशी पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में Public Health & Mass Communication Course चालू किया गया है। Mass Communication के छात्रों को Artificial Intelligence के माध्यम से बताया जा रहा है।<br>• कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में प्रदेश का प्रथम Drone Training Center स्थापित किया गया है। जहां 1000 Pilot को Training दी जायेगी।<br>• कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि 4 साल के UG Programme में सेमेस्टर सिस्टम की योजना तैयार की गई है। जो Job Oriented है एवं विद्यार्थियों के लिए नवाचार भी किए है।<br>• कुलपति, पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर द्वारा अवगत कराया गया कि विद्यार्थियों के लिए Cyber Law & Forensic के कोर्स शुरू किए है। विश्वविद्यालय द्वारा | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को इस सत्र सेमेस्टर सिस्टम अनिवार्य रूप से लागू किया जाना है। साथ ही इस संबंध में विश्वविद्यालयों द्वारा किये गये नवाचारों को अन्य विश्वविद्यालयों के साथ साझा किया जाये।<br><br>समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय इस संबंध में कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट से राजभवन को अवगत करावें। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | Community Radio की शुरूआत की गई है। इससे 30 किलोमीटर के क्षेत्र में विद्यार्थियों में उपयोगी जानकारियों का प्रसारण होगा।<br>• कुलपति, राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में प्रत्येक महीने में 3 दिन का कैम्प लगाते है और 24 घण्टे में विद्यार्थियों की समस्याओं के लिए या तो उन्हें जवाब देकर संतुष्ट किया जाता है या उनकी समस्याओं का समाधान किया जाता है।<br>• कुलपति महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में कौशल विकास केन्द्र की स्थापना की गई है एवं विश्वविद्यालय द्वारा 182 कौशल विकास कार्यक्रम चलाये जा रहे है।<br>• कुलपति, राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि ब्रिटिश हाई कमीशन के सहयोग से देश के पहले डाईबिटिक केन्द्र को स्थापित करने हेतु कॉलेबरेशन किया गया है। जिसका उद्घाटन | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | ब्रिटिश हाई कमीशन द्वारा किया जायेगा। विश्वविद्यालय को देश का सबसे बडा Convention Center खोलने की स्वीकृति मिली है।<br>• प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि NEP-2020 को इसी सत्र से लागू करना ही है। सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय समस्त किताबों को अपलोड कर E-Library में समावेश करावें।<br>• प्रथम सेमेस्टर में विद्यार्थियों को Vocational Training दी जाए। साथ ही यदि किसी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय द्वारा अपने विश्वविद्यालय में कोई नवाचार किया जाता है तो वह अन्य विश्वविद्यालयों के साथ इसे साझा करें। | | |
| 6. | SUMS के लागू करने में की गयी प्रगति की अद्यतन स्थिति | • कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा प्रबंध मण्डल में SUMS को लागू करने के संबंध में प्रस्ताव रखा गया जिसे प्रबंध मण्डल के सदस्यों द्वारा DoIT से निःशुल्क करवाये जाने हेतु कहा गया। | माननीय उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा सभी कुलपतियों को राजभवन द्वारा उनके साथ साझा किए गये दर अनुबंध के अनुसार SUMS को तुरन्त लागू करने का निर्देश दिया ताकि NEP-2020 के क्रियान्वयन और E-Governance के साथ बेहतर डेटा प्रबंधन को समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा अपनाया जा | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | • कुलपति, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा SUMS का क्रियान्वयन कर दिया गया है एवं SUMS लागू करने के बाद कार्य काफी सुविधाजनक एवं सुगम हो गया है एवं इसमें लगभग 6 करोड रू. का व्यय हुआ है।<br>• प्रो. ए.के. गहलोत द्वारा अवगत कराया गया कि राजस्थान के समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में NEP-2020 लागू किये जाने हेतु एक Unified System होना जरूरी है। इसलिए समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को SUMS लागू किया जाना है।<br>• माननीय उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा कहा गया कि राजस्थान में NEP-2020 लागू करने में SUMS मील का पत्थर साबित होगा। अतः समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय इसे प्राथमिकता के आधार पर लागू करें। | सके। | |
| 7. | विभिन्न विश्वविद्यालयों में विलम्ब से चल रहे पाठ्यक्रमों व लम्बित | • समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय विलम्ब से चल रहे पाठ्यक्रमों व लम्बित परीक्षाओं को अविलम्ब पूर्ण करवाये। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय इस संबंध में कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट से राजभवन को | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | परीक्षाओं को अविलम्ब पूर्ण करवाया जाना। | | अवगत करावें। | |
| 8. | विश्वविद्यालयों में हुई अनियमितताओं के दोषी कार्मिकों पर त्वरित कार्यवाही किये जाने बाबत् निर्देश। | • प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालयों में किसी कार्मिक द्वारा कोई अनियमितता की जाती है तो उस पर कोई कार्यवाही विश्वविद्यालय द्वारा नहीं की जाती है। इससे विश्वविद्यालय का माहौल खराब होता है तथा ऐसा कृत्य करने का होंसला बढता है। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय इस संबंध में विश्वविद्यालय स्तर पर नियमानुसार कार्यवाही करें। यदि विश्वविद्यालय स्तर पर कार्यवाही करने में कोई परेशानी आती है तो ऐसे प्रकरणों को राजभवन को भेजे। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |
| 9. | राजस्थान पशुचिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर का फण्ड स्थानान्तरण का प्रकरण स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर व महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर से। | • कुलपति, राजस्थान पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा अवगत कराया कि :–<br>• स्वामी केशवानन्द राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर से ईपीएफ एवं यूपीएफ के मिलाकर कुल राशि 29,15,18,309/– ब्याज सहित बकाया है।<br>• महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर से पेंशन निधि (यूपीएफ) राशि 1,79,64,887/– दिसम्बर, 2022 तक बकाया है। | जिन राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों की राशि परस्पर बकाया है। वह विश्वविद्यालय अपने–अपने वित्त नियंत्रकों के साथ शासन सचिव, वित्त विभाग की अध्यक्षता में एक बैठक कर इसका निस्तारण करें। | 1. वित्त विभाग।<br>2. समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 10. | पेंशन निधि हेतु गठित समिति की अद्यतन स्थिति व आवश्यक निर्देश। | • शासन सचिव, वित्त विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय Autonomous Body है। अतः पेंशन विश्वविद्यालय द्वारा ही दी जानी है।<br>• कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा UIT को जमीन हस्तांतरित की गई है। साथ ही उनके द्वारा यह सुझाव दिया गया कि उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश की तर्ज पर राजस्थान में भी ट्रेजरी के माध्यम से पेंशन का भुगतान राज्य सरकार द्वारा किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय की जमीन बेचकर पेंशन देना उचित नहीं है।<br>• कुलपति, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय, भरतपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पेंशन राशि भुगतान करने के संबंध में राज्य सरकार को विश्वविद्यालयों को स्वतंत्र रूप से कार्य करने तथा प्रतिवर्ष फीस बढोतरी में भी स्वतंत्रता देनी चाहिए।<br>• कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उनके विश्वविद्यालय द्वारा प्रति वर्ष 10 | 1. समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय अपने स्तर पर Resource Generate करें ताकि विश्वविद्यालयों की आय सृजित हो सके एवं पेंशन का भुगतान किया जा सके।<br>2. वित्त विभाग, राजस्थान सरकार इस संबंध में गठित की गई समिति की रिपोर्ट शीघ्र जारी करने की कार्यवाही करें। | 1. वित्त विभाग।<br><br>2. समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रतिशत फीस बढाने का निर्णय लिया हुआ है। पहले भरतपुर, अलवर, सीकर के कॉलेज इस विश्वविद्यालय से सम्बद्ध थे जो अब नहीं है। अतः विश्वविद्यालय पर पेंशन का भार भी लगभग 140 करोड़ रूपये है।<br>• कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा अवगत कराया गया कि इस संबंध में गठित समिति की रिपोर्ट का कोई Outcome नहीं है। साथ ही उनके द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय के पास उपलब्ध जमीन पर विश्वविद्यालय M.Sc. and B.Sc. Student से रिसर्च करवाते है एवं जमीन पर उगने वाली फसल तथा विकसित बीज किसानों के हित को देखते हुए विश्वविद्यालय द्वारा MSP पर बेचे जाते है।<br>• कुलपति, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा अवगत कराया गया कि यह मुद्दा सामाजिक सुरक्षा से जुडा मुद्दा है एवं विश्वविद्यालयों के पास Fund Manager भी नहीं होते है। अतः पेंशन का भुगतान राज्य सरकार करें। | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | • माननीय संस्कृत शिक्षा मंत्री द्वारा कहा गया कि प्रदेश में कृषि विश्वविद्यालयों को Land Grant Concept के आधार पर बनाया गया है। विश्वविद्यालयों को अपनी भूमि पर विभिन्न पैदावार करनी चाहिए। Commercial Corps उगानी चाहिए। जिससे विश्वविद्यालयों की आय सृजित हो। साथ ही विश्वविद्यालयों को अपने खर्चों में किफायत करनी चाहिए।<br>• प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को कहा गया कि विश्वविद्यालय निजी विश्वविद्यालयों की तरह Resource Generate करें। | | |
| 11. | विश्वविद्यालयों को CGST से मुक्त करवाने हेतु पुनः राज्य सरकार के स्तर से प्रस्ताव केन्द्रीय CGST काउंसिल को भिजवाये जाने बाबत्। | • कुलपति, महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा अवगत कराया गया कि Income Tax Department द्वारा नोटिस दिया जा रहा है एवं कॉलेजों के Affiliation पर GST लागू किया है।<br>• कुलपति, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा अवगत कराया गया कि Income Tax Department द्वारा 2017 से Income Tax मांगा जा रहा है। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय 01 अप्रेल से Afilication पर GST लेना प्रारम्भ करें। साथ ही 2017 से अब तक मांगी जा रही GST के निस्तारण के संबंध में शासन सचिव, वित्त विभाग समस्त कुलपतिगण के साथ एक बैठक अयोजित करें। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय एवं वित्त विभाग |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 12. | एक समान विश्वविद्यालयों में CAS हेतु समान प्रक्रिया अपनाने हेतु कार्ययोजना व प्रभावी क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश प्रदान करना। | • कृषि विश्वविद्यालयों द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विभाग द्वारा उन्हें UGC Regulation 2010 लागू करने बाबत् कहा गया है।<br>• प्रमुख सचिव, राज्यपाल महोदय द्वारा राजस्थान विश्वविद्यालय को यू.जी.सी. रेगुलेशन 2018 राज्य सरकार द्वारा लागू किये जाने के उपरान्त भी विश्वविद्यालय द्वारा लागू नहीं किये जाने पर आपत्ति जताते हुए तुरन्त लागू करने के निर्देश प्रदान किये गये।<br>• कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा अवगत किया गया कि सिंडीकेट की बैठक बुलाकर यूजीसी रेगुलेशन 2018 विश्वविद्यालय में लागू करेंगे। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय द्वारा इस संबंध में UGC Regulation 2018 adopt किया जाना अनिवार्य है एवं समय–समय पर UGC द्वारा जारी Regulations को भी adopt किये जाने संबंधी कार्यवाही करें। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |
| 13. | वरिष्ठतम आचार्य को विभागाध्यक्ष व डीन बनाये जाने हेतु स्पष्ट दिशा निर्देश | • कुलपति, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में विभागाध्यक्ष व डीन ऑर्डिनेन्स के अनुसार बनाये जाते है एवं विश्वविद्यालय में Academic Council में वोट के आधार पर विभागाध्यक्ष एवं डीन बनाया जाता है। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा वरिष्ठतम आचार्य को ही विभागाध्यक्ष एवं डीन बनाया जाये। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 14. | गोद लिए गये गांवों में विकास की अद्यतन स्थिति तथा नये गांव गोद लिए जाने के मानदंड, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा दी जाने वाली SOP की स्थिति, स्वयं सहायता समूहों के गठन की स्थिति | • प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्यागिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा गोद लिये गये गांव 'मदार' का विजिट करने हेतु कहा गया एवं उस गांव में किये जा रहे नवाचारों को विश्वविद्यालयों द्वारा गोद लिये गये गांव में भी किये जाने हेतु कहा गया।<br>• कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा मदार गांव में कई नवाचार किये गये है। जैसे – किसानों की फसल पर ड्रोन से स्प्रे करना एवं ड्रोन की उँचाई निर्धारित करना, स्कूल को फर्नीचर, कम्प्यूटर टेबलेट दिलाया गया, खेल मैदान तैयार किये गये, स्वयं सहायता समूह को दुग्ध उत्पादन, सब्जी उत्पादन, सौलर कुकर की ट्रेनिंग दी गई, सौलर ट्री तैयार कराया गया। धान की पराली से बायोचार बना रहे है। | समस्त विश्वविद्यालय इस संबंध में कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट से राजभवन को अवगत करावे। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |
| 15. | रेड क्रॉस से विश्वविद्यालयों द्वारा कॉलेबोरेशन | • प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा रेड क्रॉस के अंतर्गत विश्वविद्यालयों के Teaching Staff को भी शामिल करने | समस्त विश्वविद्यालय इस संबंध में निर्देशानुसार कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट से राजभवन को अवगत करावे। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | हेतु निर्देश दिये गये। | | |
| 16. | विश्वविद्यालयों एवं संबंधित प्रशासनिक विभागों द्वारा राजभवन सचिवालय से जारी निर्देशों की अक्षरशः पालना न करना व समय पर राजभवन सचिवालय द्वारा जारी पत्रों का प्रत्युत्तर प्रेषित नहीं करना। | • कुलपति, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर द्वारा अवगत कराया गया कि उनके स्टेटयूट्स तीन महीने से राज्य सरकार के स्तर पर लंबित है।<br>• कुलपति, बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय, बीकानेर द्वारा अवगत कराया गया कि माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा दिनांक 28.03.2023 को स्टेटयूटस अनुमोदित कर विश्वविद्यालय भिजवाये गये थे। उक्त स्टेटयूटस पर राज्य सरकार द्वारा एक कमेटी का गठन किया गया है। उक्त कमेटी को निरस्त किये जाने की कार्यवाही की जावें।<br>• कुलपति, गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाडा द्वारा अवगत कराया गया कि उनके स्टेटूयटस 1 वर्ष से राज्य सरकार के स्तर पर लंबित है।<br>• प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा समस्त कुलपतियों को कहा गया कि इस संबंध में समस्त विश्वविद्यालय संबंधित अधिकारी को कॉर्डिनेशन हेतु संबंधित विभाग में भेजे। ताकि लंबित | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय अपने लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी को कॉर्डिनेशन हेतु संबंधित विभाग में भिजवाकर प्रकरणों का निस्तारण करवाये। | 1. समस्त प्रशासनिक विभाग, राजस्थान सरकार।<br><br>2. समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | प्रकरणों का निस्तारण किया जा सके। | | |
| 17. | Curriculum and credit Framework for Undergraduate Programmes. | • प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा कुलपतिगण, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को यू.जी.सी. द्वारा जारी Curriculum and credit Framework का अध्ययन कर उसे विश्वविद्यालय में क्रियान्वित करने हेतु कहा गया। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा क्रियान्विति किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान |
| 18. | Teaching learning process and Text Books in Mother tongue in the Higher Education Institutions. | प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा कुलपतिगण, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को यू.जी.सी. द्वारा जारी Teaching learning process and Text Books in Mother tongue in the Higher Education Institutions का अध्ययन कर उसे विश्वविद्यालय में क्रियान्वित करने हेतु कहा गया। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों द्वारा क्रियान्वयन किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान |
| 19. | प्रदेश के समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में आई.टी. इन्फ्रास्ट्रक्चर, एप्लीकेशन्स एवं वेबसाईट्स की सिक्योरिटी ऑडिट | • प्रमुख सचिव राज्यपाल महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि आजकल डिजिटाईजेशन का युग है, जिसमें डाटा लीक होने का खतरा बना रहता है। विश्वविद्यालयों की वेबसाईट पर स्टूडेंटस के डाटा एवं अन्य जानकारी लीक होने के खतरे को देखते हुए विश्वविद्यालयों को वेबसाईट की सिक्योरिटी ऑडिट आवश्यक रूप से करवाया जाना चाहिये। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को भारत सरकार के परिपत्र AA-14/28/2021-CSD दिनांक 05.01.2022 के प्राविधानो के अनुरूप अर्ह एवं सक्षम संस्था के द्वारा अपनी–अपनी वेबसाईट एवं अन्य आईटी संबंधी सुविधाओं का सिक्योरिटी ऑडिट करवाया जाना अनिवार्य है। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20. | Installation of Video Conference Device as (IP Devices like CISCO VC Device installed by DoIT&C, GoR) to be installed in SFU's of Rajasthan along with IP Phone (for Office of Vice-Chancellor of SFU's) for smooth functioning of one to one or many to one online meetings. | • सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा अवगत करवाया गया कि उक्त कार्य आर.आई.एस.एल के माध्यम से करवाया जाता है एवं पूरा सेटअप स्थापित करने में लगभग 10 लाख रूपये का खर्चा आता है तथा आई.पी. फोन स्थापित करने में लगभग 50,000 रूपये का खर्चा आयेगा। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों को इस संबंध में विश्वविद्यालय की आवश्यकता अनुसार कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। | समस्त, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान। |
| 21. | विभिन्न राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में गतिमान नियुक्ति प्रक्रिया जिसमें राज्य सरकार द्वारा रोक लगाई गई है। | • कुलपति, राजूवास बीकानेर द्वारा अवगत करवाया गया है कि विश्वविद्यालय द्वारा रोस्टर गाईडलाईन्स अनुसार तैयार कर राज्य सरकार को भिजवा दिया गया था। परन्तु राज्य सरकार द्वारा साक्षात्कार के बाद शिकायत आने पर शिक्षकों की भर्ती रोक दी गयी थी। यदि विश्वविद्यालय में भर्ती नहीं होती है, तो वी.सी.आई. नई दिल्ली से अगले सत्र में विद्यार्थियों के प्रवेश की अनुमति नहीं मिलेगी। | जिन राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों की भर्तियों पर राज्य सरकार द्वारा रोक लगाई गई है, उन भर्तियों को भरे जाने हेतु राज्य सरकार द्वारा तत्काल कार्यवाही की जावे। | समस्त प्रशासनिक विभाग, राजस्थान सरकार |
| 22. | सतत् विकास लक्ष्यों को उच्च शिक्षण संस्थाओं के | • AIU organised five Zonal and one Annual VCs Meets during 2021-22 with the theme *“Realizing* | विश्वविद्यालय इस संबंध में कार्यवाही कर पालना रिपोर्ट से राजभवन को | समस्त, राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | माध्यम से सुनिश्चित किये जाने के संबंध में किये जाने वाले प्रयास। | *Sustainable Development Goals (SDGs) through Higher Education Institutions for Ensuring Equality and Sustainable Society.*<br>• शिक्षा, अनुसंधान और Governance को 17 एसडीजी प्राप्त करने के लिए align करें<br>• विश्वविद्यालय परिसर पूरी तरह से Sustainable, ऊर्जा और पानी में आत्मनिर्भर होंगे<br>• सभी की सुरक्षा के साथ लैंगिक समानता सुनिश्चित करना<br>• अनुसंधान और Innovation 'आत्मनिर्भर भारत', Circular Economy और 2035 तक Net Zero अनुपालन की ओर लक्षित<br>• 17 एसडीजी को साकार करने में HEIs कैसे योगदान दे सकते हैं पर कार्य योजना तैयार करना और एस.डी.जी. अनुपालन रिपोर्ट<br>• Green Practices और स्मार्ट परिसर प्रौद्योगिकियों को लागू करें<br>• शिक्षा से समुदाय को अत्यधिक समृद्ध, शांतिपूर्ण, खुशहाल, स्वस्थ और टिकाऊ समाज में बदलने के लिए एक वाहक | अवगत करावे। | राजस्थान। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | बनाएं | | |
| 23. | राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक व अशैक्षणिक रिक्त पदों के संबंध में चर्चा | • कुलपति, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा अवगत करवाया गया कि राज्य सरकार द्वारा शैक्षणिक संवर्ग के ऐसे पद स्वीकृत किये गये है, जो जिनके पाठ्यक्रम उनके विश्वविद्यालय में संचालित ही नहीं है एवं जो पाठ्यक्रम संचालित है, उनके पद राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत नहीं किये गये है।<br>• प्रमुख शासन सचिव, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय को पुनः प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाये जाने हेतु कहा गया एवं साथ ही अवगत करवाया गया कि राज्य सरकार द्वारा विभिन्न विश्वविद्यालयों हेतु 282 पदों की भर्ती हेतु स्वीकृति जारी कर दी गयी है। | समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय अपने प्रस्ताव संबंधित प्रशासनिक विभागों को भिजवाये एवं प्रशासनिक विभाग इस संबंध में तत्काल कार्यवाही कर स्वीकृति जारी करें। | 1. समस्त प्रशासनिक विभाग, राजस्थान सरकार।<br>2. समस्त राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय, राजस्थान। |

Meeting of Vice-Chancellor's Co-ordination Committee on 08th May, 2023 at 11.00 A.M. at Raj Bhawan, Jaipur

**List of Participants**

| S.N. | Name | Designation | Mobile No. | Signature |
|---|---|---|---|---|
| 01. | | | | |
| 02. | Usha Sharma | C.S. Govt of Rajasthan | 6130545656 | [signature] |
| 03. | Dr. Bulaki Das Kalla | Minister for Education | 98292-55855 | [signature] |
| 04. | R. S. Yadav | | 7073187474 | [signature] |
| 05. | ASHOK CHANDNA | MoS | 9772898988 | [signature] |
| 06. | B S Jelho, | Pr. S. HTE | 9414320230 | [signature] |
| 07. | Krishna Kunal | Secy, AH, F, MA & Addl(Sc)(Edu.) | 9521876464 | [signature] |
| 08. | PURNA CH. KISHAN | Secy Skills & DMR | 8529847757 | [signature] |
| 09. | PUNAM | Secy Sanskrit Edu | 9414049895 | [signature] |
| 10. | V. SARAVANA KUMAR. | SECRETARY HOME | 9414152444 | [signature] |
| 11. | Naresh Thakral | Secy, Fin | 9414070535 | [signature] |
| 12. | Prof Rajeev Jain | V C RU | 9414113049 | [signature] |
| 13. | KL Shrivastava | VC JNVU | 9414132094 | [signature] |
| 14. | I. V. TRIVEDI | VC, GGTU | 9001997557 | [signature] |
| 15. | Kailash Sodani | VMOU Kota | 8239269101 | [signature] |
| 16. | Anil Shukla | MDS Uni. Ajmer | 9415180307 | Anil Shukla |
| 17. | Vinod Kumar Singh | MGSU Bikaner | 9415711799 | [signature] |
| 18. | S. S. Pandey | RRBMU, Alwar | 9399786864 | S Pandey |
| 19. | Prof. Ramesh Chandra | Maharaja Surajmal Brij University Bharatpur. | 9810240532 | [signature] |
| 20. | | | | |

Meeting of Vice-Chancellor's Co-ordination Committee on 08th May, 2023 at 11.00 A.M. at Raj Bhawan, Jaipur

**List of Participants**

| S.N. | Name | Designation | Mobile No. | Signature |
|---|---|---|---|---|
| 21 | Prof. Sudhi Rajiv | V.C., HJU & ALU | 9414130868 | Sudhi Rajiv |
| 22. | Prof. Ajay Kumar Sharma | VC, MBM University Jodhpur | 9928082027 | Ajay Sharma |
| 23. | B. R. Choudhary | VC, AU, Jodhpur | 9414865717 | |
| 24. | Prof. Satish K. Garg | VC, RAJUVAS, Bikaner | 9456054995 | |
| 25. | Prof Balraj Singh | V.C., SKNAU Jobner | 9811271303 | |
| 26. | Dr. Abhay Kumar Vyas | V.C., AU, Kota | 8302331577 | |
| 27. | Dr. Ajeet Kumar Karnatak | VC, MPUAT, Udaipur | 9412120801 | k |
| 28. | Prof Ambarish Vidyarthi | VC, BTU, Bikaner | 7902008999 | [illegible] 08.05.2023 |
| 29. | Prof. S. K. Singh | VC, RTU, Kota | 9891599903 | |
| 30. | प्रोफेसर डॉ. रामसेवक दुबे | कुलपति जगद्गुरु रा.सं.वि. जयपुर | 9415234851 | |
| 31. | Prof. P. K. Prajapati | V.C DSRRU Jodhpur | 9818575045 | 8/5 |
| 32. | Dr (Prof) Sudhir Bhandari | VC RUHS Jaipur | 9829078844 | 8/5/23 |
| 33. | Bhagirath Singh | VC PDUSU Sikar | 9829266377 | |
| 34. | Dr. Alok Tripathi | VC Police University | 9414040411 | |
| 35. | Dr. Rajendra Kumar Vyas | Joint Director (Raj Bhawan) | 9829102862 | |
| 36. | Harish Lalwani | F.A., Raj Bhawan | 9828151932 | |
| 37. | Kavita Singh | JSG | 9664257012 | |
| 38. | A. K. Gehlot | Member, GAB. | 9414138211 | |
| 39. | Sanjay [illegible] | R.S.L., DoIT&C | 9928733871 | |
| 40. | Sushil Parihar | Technical Director DoIT&C. | 9414041064 | |

Meeting of Vice-Chancellor's Co-ordination Committee on 08th May, 2023 at 11.00 A.M. at Raj Bhawan, Jaipur

**List of Participants**

| S.N. | Name | Designation | Mobile No. | Signature |
|---|---|---|---|---|
| 41. | Dr. P Singh | Dean & faculty SKRAU Chairman | 9950466311 | [signature] |
| 42. | [illegible] | OSD Ayush [illegible] JPR | 9414370120 | [signature] |
| 43. | Jitendra Upadhyay | Secretary Ayurved Jaipur | 94141-33533 | [signature] |
| 44. | Prahlad Meena | D.S. Agriculture | 7425078957 | [signature] |
| 45. | Dr. Firoj Akhtar | JS, Higher Edu. (grp-4) | 8875551146 | [signature] |
| 46. | | | | |
| 47. | | | | |
| 48. | | | | |
